# SSC GD 2024


## 42



## DATE : 05-03-2024



## (SHIFT- 2:30 pm to 3:30 pm)

**PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति**

**1.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**2.** निम्नलिखित विकल्पों में से, दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।

177, 145, 113, 81, 49, ?

(1) 30 (2) 20 (3) 17 (4) 24

**3.** नीचे दी गई दो संख्याओं को आपस में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही नहीं होगा?

4 और 9

(1) $9 - 4 \div 3 + 1 = 2$

(2) $4 - 9 + 8 = 15$

(3) $8 + 4 \times 3 - 9 = 31$

(4) $9 \times 1 - 4 + 6 = 1$

**4.** निम्नलिखित प्रश्न में कुछ कथन और उन कथनों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, चाहे वे सामान्यत: ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:

I. कोई ब्रश, बेड नहीं है।

II. कुछ टेबल, ब्रश हैं।

निष्कर्ष:

I. कुछ टेबल, बेड नहीं हैं।

II. सभी बेड, टेबल हैं


(1) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है



(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है



(3) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

(4) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**5.** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए, जो दर्पण MN को उस आकृति के दाईं ओर रखने पर बनेगा।




(1)  (2) 

(3)  (4) 

**6.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. READ 2. RIDE
3. RINSE 4. REAL
5. RIGH

(1) 1,3,2,5,4 (2) 1,3,2,4,5

(3) 3,2,1,4,5 (4) 1,4,2,5,3

**7.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवें अक्षर-समूह से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा अक्षर-समूह तीसरे अक्षर-समूह से संबंधित है, और दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।

PIRATE:PEITRA :: SYSTEM: SMYEST :: PHYSIQUE:?

(1) SYHPQIEU (2) PEHUYQSI


(3) YSPHUEIQ (4) UEIQPHYS



**8.** पांच मित्र P, B, C, G और H एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं। B, C के ठीक बाईं ओर बैठा है। G और H,C के निकटतम पड़ोसी नहीं हैं। H, P के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। G के ठीक दाईं ओर कौन बैठा है?



(1) B (2) P

(3) H (4) C


**9.** उस आकृति का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।



(1)  (2) 

(3)  (4) 

**10.** नीचे एक पासे की दो स्थितियां दी गई हैं। '5' वाले फलक के विपरीत फलक पर निम्नलिखित विकल्पों में से क्या आएगा?




(1) 6 (2) 1

(3) 2 (4) 3

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?

71, ?, 80, 85, 89, 94

(1) 79 (2) 74

(3) 78 (4) 76

**12.** दिए गए विकल्पों में से किन दो संख्याओं को आपस में बदलने पर निम्नलिखित समीकरण सही होगा?

$14 \times 4 \div 6 + 5 - 8 = 3$

(1) 14 और 6 (2) 3 और 4

(3) 3 और 5 (4) 8 और 4

**13.** आठ शिक्षक जतिन, अभि, गोपाल, हीना, ईशा, रोहित, काजल और लीला एक वृताकार मेज के चारों ओर केंद्र से बाहर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। अभि, हीना के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। रोहित, हीना के दाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठा है।

गोपाल, जतिन के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। रोहित, जतिन के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर बैठा है। काजल, ईशा के बाईं ओर से तीसरे स्थान पर बैठी है। गोपाल के ठीक दाईं ओर कौन बैठा/बैठी है?
(1) अभि (2) जतिन
(3) हीना (4) काजल

**14.** निम्नलिखित में से अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाईं से दाईं ओर रखे जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?
abb_abbcabbcabbca_bcabbca_bc_bbc
(1) abcd (2) aabb
(3) cdba (4) cbba

**15.** नीचे एक श्रृंखला दी गई है जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो श्रृंखला को पूरा करेगा।
NS, PK, HM, JE, ?
(1) BM (2) BG
(3) BC (4) BS

**16.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LOSS' को 'OSVW' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में, 'MANY' को कैसे लिखा जाएगा?
(1) PEQD (2) PFQC
(3) PEQC (4) PERC

**17.** A × B का अर्थ है, A, B का भाई है, A + B का अर्थ है, A, B का पिता है, A- B का अर्थ है, A, B की बहन है और A ÷ B का अर्थ है, A, B की पत्नी है। यदि P × Q ÷ H + D – B + M, तो Q का M से क्या संबंध है
(1) पिता की मां
(2) मां की मां
(3) बहन
(4) पिता की बहन


**18.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'COMPUTER' को 'DPNQVUFS' लिखा जाता है, 'KEYBOARD' को 'LFZCPBSE' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'MOUSE' को कैसे लिखा जाएगा?
(1) NPTFV (2) NPTVF
(3) NVTPF (4) NPVTF

**19.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए विकल्पों में से संबंधित अक्षर-युग्म का चयन कीजिए।
YL : XI :: ?
(1) EI : DF
(2) ZK : IT
(3) EC : AB
(4) FQ : AB

**20.** दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति के पैटर्न को पूरा करेगी? (घूर्णन की अनुमति नहीं है)




(1)  (2) 

(3)  (4) 

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** निम्नलिखित में से किस भारतीय नृत्य कलाकार ने 2018 में, मणिपुरी नृत्य के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीता?
(1) अखम लक्ष्मी देवी
(2) सुरूपा सेन
(3) डॉ. अरूणा मोहंती
(4) गोपिका वर्मा

**22.** अशोक के अधिकांश शिलालेख ____भाषा में थे और _____लिपि में लिखे गए थे
(1) प्राकृत, ब्राह्मी
(2) संस्कृत, ब्राह्मी
(3) पाली, खरोष्ठी
(4) संस्कृत, खरोष्ठी

**23.** आईसीसी वनडे इंटरनेशनल विश्व कप (ICC ODI World Cup) 2011 किसने जीता?
(1) इंग्लैंड (2) भारत
(3) ऑस्ट्रेलिया (4) श्रीलंका

**24.** मौर्यों के पतन से लेकर गुप्तों के उत्थान (दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व से तीसरी शताब्दी ईस्वी) तक की अवधि को भारतीय इतिहास में _______के रूप में जाना जाता है
(1) पूर्व-मौर्य काल
(2) पूर्व ब्रिटिश काल
(3) औद्योगीकरण
(4) उत्तर-मौर्य काल

**25.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'डॉबेराइनर के त्रिकों' के लिए 'सत्य' है?
I. त्रिक परमाणु द्रव्यमानों के क्रम में थे।
II. मध्य तत्व का परमाणु द्रव्यमान अन्य दो तत्वों के परमाणु द्रव्यमानों का लगभग औसत था।
(1) I और II दोनों
(2) न तो I और न ही II
(3) केवल II
(4) केवल I

**26.** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों के लिए रोग मुक्त और गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री की उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए ______के परिव्यय के साथ आत्मनिर्भर स्वच्छ पौध कार्यक्रम की घोषणा की।
(1) 2,200 करोड़ रूपए
(2) 1000 करोड़ रूपए
(3) 100 करोड़ रूपए
(4) 500 करोड़ रूपए

**27.** क्रिकेट में "LBW" का पूर्ण रूप क्या है?
(1) लेग बिफोर विकेट
(2) लेग ब्रेक रिस्ट
(3) लास्ट बॉल विकेट
(4) लॉन्ग बाउंड्री विकेट

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान में उल्लिखित मौलिक अधिकारों में से एक नहीं है?
(1) शोषण का अधिकार
(2) समानता का अधिकार
(3) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(4) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार

**29.** शतरंज के खेल के आविष्कार का श्रेय, निम्नलिखित में से किसे जाता है?
(1) ईरान (2) इंग्लैंड
(3) जापान (4) भारत

**30.** भारतीय संविधान के अनुसार एक राज्यपाल को _____ नियुक्त किया जा सकता है।
(1) 2 से अधिक राज्यों के लिए नहीं
(2) दो या दो से अधिक राज्यों के लिए
(3) एक समय पर एक ही राज्य के लिए
(4) केवल एक केंद्र शासित प्रदेश के लिए

**31.** भारत में पंचवर्षीय योजना के दौरान रोलिंग योजना (rolling plan) की समय अवधि क्या थी?
(1) 1971-73 (2) 1975-78
(3) 1968-70 (4) 1978-80

**32.** विशु उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?
(1) केरल (2) मध्यप्रदेश
(3) पश्चिम बंगाल (4) बिहार

**33.** जनवरी 2023 में, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (Directorate of General of Civil Aviation - DGCA) में महानिदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?
(1) विक्रम देव दत्त
(2) अजय कुमार भल्ला
(3) अजय कुमार सूद
(4) प्रमोद कुमार मिश्रा

**34.** भारतीय वित्त वर्ष (Financial year) किस तारीख से शुरू होता है?
(1) 1 जनवरी (2) 31 मार्च
(3) 1 मार्च (4) 1 अप्रैल

**35.** भारत की किस पंचवर्षीय योजना को ''महालनोबिस योजना'' के नाम से जाना जाता था?
(1) दूसरी पंचवर्षीय योजना
(2) चौथी पंचवर्षीय योजना
(3) तीसरी पंचवर्षीय योजना
(4) पहली पंचवर्षीय योजना

**36.** निम्नलिखित में से कौन–सा क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में श्रम (labour) का सबसे अधिक अवशोषण करने वाला क्षेत्र है?
(1) सेवा (2) बैंकिंग
(3) उद्योग (4) कृषि

**37.** निम्नलिखित में से किसने संगीत वाद्ययंत्र बाम्हूम (Bamhum) और टिकजिक (Tikzik) का आविष्कार किया था?
(1) लू माजाव (Lou Majaw)
(2) टाकर नबाम (Takar Nabam)
(3) लिली एडोरिलीन (Lily Adoryllene)
(4) मोआ सुबोंग (Moa Subong)

**38.** निम्नलिखित में से कौन–सी असम की एक नृत्य शैली है?
(1) गरबा (2) बिहू
(3) घूमर (4) कथकली

**39.** आजाद भारत की पहली जनगणना 1951 में की गई थी, जो अपनी निरंतर श्रृंखला में ______जनगणना थी।
(1) आठवीं (2) पांचवीं
(3) छठी (4) सातवीं

**40.** जुलाई 2023 में, किसे तीन साल की उम्र से बच्चों के लिए धन जुटाने सहित कई संपोषणीय पहलों (sustainability initiatives) में स्वेच्छा से योगदान देने के लिए ब्रिटिश प्रधानमंत्री के पॉइंट ऑफ लाइट पुरस्कार (British Prime Minister's Points of Light award) से सम्मानित किया गया है?
(1) हनाया निसार (2) आदित्य सुरेश
(3) मोक्षा रॉय (4) अनुष्का जॉली

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹ 650 है। वस्तु पर 45% की छूट देने के बाद, 10% का लाभ होता है। वस्तु का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।
(1) ₹2400 (2) ₹1300
(3) ₹1500 (4) ₹2000

**42.** मिंटो अकेले एक मेज 75 दिनों में बना सकता है, जबकि पिंटो अकेले इसे 150 दिनों में बना सकता है। पिंटो ने काम शुरू किया और 30 दिनों तक काम किया। मिंटो शेष काम कितने दिनों में पूरा कर सकता है?
(1) 60 दिन (2) 70 दिन
(3) 85 दिन (4) 75 दिन

**43.** 22, 11 और 44 के लघुत्तम समापवर्त्य और महत्तम समापवर्तक का अनुपात कितना होगा?
(1) 4 : 1 (2) 2 : 1
(3) 6 : 1 (4) 8 : 1

**44.** यदि एक घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 726 $cm^2$ है, तो घन का आयतन कितना है?
(1) 1728 $cm^3$ (2) 729 $cm^3$
(3) 1000 $cm^3$ (4) 1331 $cm^3$

**45.** यदि g : h : j = 5 : 2 : 1 है, तो g : 2h : j का मान कितना है?
(1) 5 : 4 : 2 (2) 3 : 5 : 2
(3) 5 : 4 : 1 (4) 5 : 1 : 3

**46.** यदि कोई वस्तु 20% की छूट के बाद 10% की हानि पर बेची जाती है, तो क्रय मूल्य के प्रतिशत के रूप में वास्तविक अंकित मूल्य कितना है?
(1) 118.5% (2) 110%
(3) 112.5% (4) 125.5%

**47.** A, B और C एक काम को क्रमशः 16 दिन, 24 दिन और 32 दिन में पूरा कर सकते हैं। यदि वे तीनों एक साथ मिलकर काम करते है, तो उन्हे उस काम को पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?
(1) 17/3 दिन
(2) 99/4 दिन
(3) 96/13 दिन
(4) 35/8 दिन

**48.** 1008 – 40 × 20 ÷ 10 + 2 का मान कितना है?
(1) 940 (2) 936
(3) 930 (4) 926

**49.** यदि p : q = 1 : 3 और r : s = 2p : 3q है, तो pr : qs का मान कितना है?
(1) 27 : 2 (2) 2 : 27
(3) 2 : 29 (4) 2 : 25

**50.** एलेक्स ने 6% वार्षिक की साधारण ब्याज दर पर एक बचत बांड में 1500 डॉलर का निवेश किया। 4 वर्ष बाद उसे कितना ब्याज मिलेगा?
(1) 326 डॉलर (2) 313 डॉलर
(3) 382 डॉलर (4) 360 डॉलर

**51.** एक व्यक्ति Q से S तक 45 km/hr की चाल से जाता है और एक निश्चित चाल से S से Q तक वापस आता है। यदि उसकी औसत चाल 36 km/hr है, तो S से Q की ओर वापस जाते समय उसकी चाल कितनी थी?
(1) 30 km/hr (2) 45 km/hr
(3) 36 km/hr (4) 24 km/hr

**52.** एक वस्तु के मूल्य में पहले 32% की कमी की गई और फिर 44% की वृद्धि की गई। यदि परिणामी मूल्य ₹489.6 है, तो वस्तु का वास्तविक मूल्य ज्ञात कीजिए।
(1) ₹750 (2) ₹500
(3) ₹600 (4) ₹450

**53.** एक नृत्य प्रतियोगिता में 40 प्रतिशत विद्यार्थी लड़के थे और शेष लड़कियां थीं। यदि लड़कों की औसत आयु 18 वर्ष और लड़कियों की औसत आयु 15 वर्ष थी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की औसत आयु ज्ञात कीजिए।
(1) 16.2 वर्ष (2) 14.8 वर्ष
(3) 15 वर्ष (4) 13.5 वर्ष

**54.** सिराज विक्रय मूल्य पर 32% का लाभ कमाता है। क्रय मूल्य पर अनुमानित (approximate) लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
(1) 49% (2) 47%
(3) 51% (4) 45%

**55.** 91 × 7 + 49 × 13 – 42 ÷ 7 × 5 का मान कितना है?
(1) 1248 (2) 1244
(3) 1242 (4) 1252

**56.** यदि किसी व्यक्ति का मूल वेतन 15,000 रूपए था और उसके वेतन में 12% की वृद्धि होती है, तो नया वेतन कितना होगा?
(1) 16800 रूपए (2) 16500 रूपए
(3) 16200 रूपए (4) 16700 रूपए

**57.** b, c, d और e का औसत 25 है। यदि b और c का औसत 11 है, तो d और e का औसत कितना होगा?
(1) 36 (2) 38
(3) 39 (4) 35

**58.** 12,000 रूपए की मूलधन राशि पर, 2 वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) उसी अवधि के लिए साधारण ब्याज से 4,320 रूपए अधिक है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए।
(1) 60% (2) 72%
(3) 55% (4) 68%

**59.** 18 – (3/2) × (4 + 1) को सरल कीजिए।
(1) 10.5 (2) 11.5
(3) 12.4 (4) 16.4

**60.** यदि किसी वस्तु को बेचने पर होने वाली हानि 38 प्रतिशत है, तो उसके क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य का अनुपात कितना होगा?
(1) 31: 50 (2) 40: 31
(3) 31: 40 (4) 50 : 31

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Select the most appropriate option for the given blank.
I am allergic ____ some medicines.
(1) with (2) of
(3) to (4) on

**62.** Improve the underlined part of the sentence.
Choose 'No improvement' as an answer if the sentence is grammatically correct.
They <u>had to cultivate crops</u> which the company asked them to do.
(1) No improvement
(2) Cultivate cropping
(3) Had to cultivates crops
(4) Had cultivating crops

**63.** From the options given below choose the synonym (similar meaning) of the word:
Decapitate
(1) Feeble (2) Invigorate
(3) Behead (4) Affection

**64.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
Leisure is esential to civilization, and in former times leisure for the few was only rendered possible by the labours of the many.
(1) Leisure (2) Possible
(3) Rendered (4) Esential

**65.** Choose the word that is opposite in meaning to the given word.
Irritate
(1) Annoy (2) Miff
(3) Pester (4) Pacify

**66.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom/Phrase.
To throw down the gauntlet
(1) To challenge somebody to do something
(2) To ignore without any reason
(3) To plead for mercy
(4) To surrender

**67.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
Others looked at the issue_____.
(1) difference (2) differential
(3) different (4) differently

**68.** Choose the most appropriate antonym of the underlined word.
We urge regulators to adopt a <u>pragmatic</u> and proportionate approach until a sustainable long-term solution can be reached.
(1) Logical (2) Idealistic
(3) Practical (4) Sober

**69.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
Some of the flowers in my garden is not blooming properly.
(1) No error
(2) Some of the
(3) Is not blooming properly
(4) Flowers in my garden

**70.** Select the sentence with no spelling errors.
(1) Just who is crezy enough to go swimming when the pond across the street has a layer of ice across the top?
(2) Just who is crazy enough to go swimming when the pond across the streat has a layer of ice across the top?
(3) just who is crazy enough to go swimming when the pond across the street has a layer of ice across the top?
(4) Just who is crazy enough to go swiming when the pond across the street has a layer of ice across the top?

**71.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
I don't mind trying to make your day as well as you make mine.
(1) No error
(2) as well as you make mine
(3) i don't mind trying
(4) to make your day

**72.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
The main driver of today's global warming were the combustion of fossil fuels.
(1) No error
(2) The main driver of
(3) today's global warming were the
(4) combustion of fossil fuels

**73.** Fill in the blank with the most appropriate option.
He said he would split open a raw Irish potato and stick the quarter in _____and keep it there all night.
(1) along (2) slice
(3) gap (4) between

**74.** Choose the idiom/phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully.
I had a **feeling that I was unable to speak due to sadness** as I watched the casket of the fallen soldier return home.
(1) Lump in the throat
(2) Cut corners
(3) Tongue And cheek
(4) In the dark

**75.** Select the most appropriate option for the given blank.
___the flying bricks and bottles, the riot police kept calm.
(1) about (2) until
(3) beside (4) amid

**Direction (Q.Nos. 76-80) :** In the following passage some words have been deleted. Fill in the blanks with the help of the alternatives given. Select the most appropriate option for each number.

For all that I knew this (1)____ well, I (2)_____felt as if it were not safe to let the coach-office be out of my sight (3) ______than five minutes at a time; and in this (4) ______ of unreason I had performed the first half-hour of a (5)_____of four or five hours, when Wemmick ran against me.

**76.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 1.
(1) doubtfully (2) closely
(3) loosely (4) perfecty

**77.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 2.
(1) some (2) sometime
(3) still (4) can

**78.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 3.
(1) shorter (2) larger
(3) bigger (4) longer

**79.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 4.
(1) condition (2) glance
(3) stance (4) status

**80.** Select the most appropriate option to fill in the blank No. 5.
(1) clocking (2) vision
(3) watch (4) sight

## PART (D) : हिन्दी

**61.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द के लिए सही वर्तनी ज्ञात कीजिए।
कर्ण एक वीर <u>योधा</u> था
(1) योदधा (2) योधदा
(3) योद्धा (4) योधा

**62.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिये गए मुहावरे का सही अर्थ वाला विकल्प है।
उड़ती चिड़िया पहचानन
(1) बहुत क्रुद्ध होना
(2) विपरीत कार्य करना
(3) बहुत अनुभवी होना
(4) भीतर ही भीतर रोना

**63.** दिए गए वाक्य में उचित देशज-विदेशज शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।
नहीं! मुझे तुमसे कोई ___नहीं चाहिए।
(1) ईमारत (2) कुर्सी
(3) उम्र (4) एहसान

**64.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गये शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प हो।
प्रकृति (चेतन) है, _____नहीं।
(1) सावधान (2) जड़
(3) होशियार (4) सचेत

**65.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।
कुमारी विजयलक्ष्मी कल अपने पति के साथ नैनीताल जाएगी।
(1) कल अपने पति
(2) के साथ नैनीताल जाएगी।
(3) कुमारी विजयलक्ष्मी
(4) कोई त्रुटि नहीं है

**66.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्दों के लिए सही शब्दों वाले विकल्प का चयन करें।
एक <u>आवश्यकीय कार्य</u> से मुझे जयपुर जाना है।
(1) एक आवश्यक कार्य से मुझे जयपुर जाना है।
(2) एक आवश्यकपूर्वक कार्य से मुझे जयपुर जाना है।
(3) एक आवश्यता कार्य से मुझे जयपुर जाना है।
(4) परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है।

**67.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो रिक्त स्थान के लिए सही पुल्लिंग रूप वाला विकल्प हो।
मैंने जो अपना ____ तुम्हें कल दिया था वह मुझे वापस चाहिए।
(1) टोपी (2) रुमाल
(3) मिठाई (4) किताब

**68.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दी गई लोकोक्ति का सही अर्थ वाला विकल्प है।
बिंध गया सो मोती, रह गया सो सीप
(1) जो वस्तु काम आ जाए वही अच्छी
(2) एक न एक दिन अच्छे दिन आ ही जाते हैं
(3) रक्षक का भक्षक हो जाना
(4) जरूरत के अनुसार ही सामान बनाना

**69.** दिए गए वाक्य में से निरर्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
बाजार से टटमार ले आओ।
(1) आओ (2) लाओ
(3) टटमार (4) बाजार

**70.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
सारी धातुएँ <u>पृथ्वी से जुड़ी</u> हैं।
(1) पार्थिव (2) भू
(3) भुगोल (4) भोमिक

**71.** दिए गए शब्द का पर्यायवाची ज्ञात कीजिए।
स्वतंत्रत
(1) आजादी (2) रिक्त
(3) सर्प (4) विपदा

**72.** दिए गए वाक्य में उचित पर्यायवाची शब्द का चयन करके रिक्त स्थान की पूर्ति करें।
इन फूलों से कितनी अच्छी _____(महक) आ रही है।
(1) भूमि (2) सुगंध
(3) बदबू (4) शांत

**73.** दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
जो आदेश एक निश्चित अवधि तक लागू हो
(1) अधिनियम (2) अधिसूचना
(3) अनिकेत (4) अध्यादेश

**74.** निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।
प्रत्येक कार्य को रोमांच निहित होते है।/ हालांकि, यह लोगों की सोच के/ अनुसार थोड़ा अलग होता है।
(1) कोई त्रुटि नहीं है
(2) अनुसार थोड़ा अलग होता है
(3) प्रत्येक कार्य को रोमांच निहित होते है
(4) हालांकि, यह लोगों की सोच के

**75.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
आजकल हर कोई <u>अमृत</u> पीकर अमर होना चाहता है।
(1) पानी (2) भोजन
(3) विष (4) आय

**निर्देश (प्र.सं. 76-80) :** नीचे दिए गये गद्यांश में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं, प्रत्येक अनुच्छेद के सामने चार विकल्प दिए गए हैं। इस गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और चार विकल्पों में से सर्वोत्तम उत्तर वाला विकल्प चुनें।

मौसम को छह ऋतुओं में विभाजित किया जाता है - ग्रीष्म ऋतु, शीत ऋतु, वर्षा ऋतु, बसंत ऋतु, शरद ऋतु, शिशिर ऋतु। इन सबमें बसंत ऋतु को ऋतुओं का ____कहा जाता है । सभी ऋतुओं में यह सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। इस ऋतु के आते ही धरती अपना ____ करती है और हरियाली की चादर ओढ़ लेती है। पूरी धरती हरी-भरी हो जाती है। इस मौसम में हवा में एक अलग ही ____ आ जाती है। खेतों में लहलहाती फसल और बगीचों में फूलों की सुगंध , वातावरण को खुशनुमा बना देती है। इस ऋतु के आगमन के साथ ही प्रकृति में कई ____ होते हैं। पतझड़ के कारण झड़ चुके पेड़ों में नई कोपलें आ जाती हैं और फूल आने लगते हैं। मैदानों में हरी-हरी घास उग आती है। वृक्षों पर

पक्षी घोंसला बनाते हैं और सुबह सवेरे उनकी चहचहाहट पूरे वातावरण में गुंजायमान रहती है। पूरी धरती दुल्हन की तरह शृंगार कर लेती है। सरसों के खेत ____ की तरह चमकने लगते हैं, इसी मौसम में किसान फसल काटने की तैयारी में जुट जाते हैं।

**76.** इन सबमें बसंत ऋतु को ऋतुओं का ____कहा जाता है।
(1) राजा (2) प्रेरणास्रोत
(3) सरपंच (4) प्रजा

**77.** इस ऋतु के आते ही धरती अपना ____करती है और हरियाली की चादर ओढ़ लेती है।
(1) आगमन
(2) शृंगार
(3) अल्पाहार
(4) बदलाव

**78.** इस मौसम में हवा में एक अलग ही _____आ जाती है।
(1) अरमान (2) खुशी
(3) ताजगी (4) पहचान

**79.** इस ऋतु के आगमन के साथ ही प्रकृति में कई ____होते हैं।
(1) द्वेष
(2) अपनापन
(3) निहाल
(4) बदलाव

**80.** सरसों के खेत _____की तरह चमकने लगते हैं।
(1) तांबे (2) रंगों
(3) सोने (4) बादलों

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (2) | 2. (3) | 3. (2) | 4. (4) | 5. (3) | 6. (4) | 7. (2) | 8. (3) | 9. (2) | 10. (4) |
| 11. (4) | 12. (2) | 13. (3) | 14. (4) | 15. (2) | 16. (3) | 17. (1) | 18. (4) | 19. (1) | 20. (1) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (1) | 22. (1) | 23. (2) | 24. (4) | 25. (1) | 26. (1) | 27. (1) | 28. (1) | 29. (4) | 30. (2) |
| 31. (4) | 32. (1) | 33. (1) | 34. (1) | 35. (1) | 36. (4) | 37. (4) | 38. (2) | 39. (4) | 40. (3) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (2) | 42. (1) | 43. (1) | 44. (4) | 45. (3) | 46. (3) | 47. (3) | 48. (3) | 49. (2) | 50. (4) |
| 51. (1) | 52. (2) | 53. (1) | 54. (2) | 55. (2) | 56. (1) | 57. (3) | 58. (1) | 59. (1) | 60. (4) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (3) | 62. (1) | 63. (3) | 64. (4) | 65. (4) | 66. (1) | 67. (4) | 68. (2) | 69. (3) | 70. (3) |
| 71. (2) | 72. (3) | 73. (4) | 74. (1) | 75. (4) | 76. (4) | 77. (3) | 78. (4) | 79. (1) | 80. (3) |

### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (3) | 62. (3) | 63. (4) | 64. (2) | 65. (3) | 66. (1) | 67. (2) | 68. (1) | 69. (3) | 70. (1) |
| 71. (1) | 72. (2) | 73. (4) | 74. (3) | 75. (3) | 76. (1) | 77. (2) | 78. (3) | 79. (4) | 80. (3) |

## उत्तर सहित व्याख्या


### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (2)**

**2. (3)** 177, 145, 113, 81, 49, **17**
(−32, −32, −32, −32, −32)

**3. (2)** $4 - 9 + 8 \neq 15$
4 और 9 को आपस में बदलने पर
$9 - 4 + 8 \neq 15$
$13 \neq 15$


**4. (4)**





**5. (3)**

**6. (4)** 1. Read
4. Real
2. Ride
5. Right
3. Rinse

**7. (2)**




**8. (3)**




G के ठीक दाईं ओर H बैठा है।


**9. (2)**

**10. (4)** 4 < 2 — 5, 2 — 3

**11. (4)**
71, **76**, 80, 85, 89, 94
(+5, +4, +5, +4, +5)

**12. (2)** $14 \times 4 \div 6 + 5 - 8 = 3$
विकल्प की सहायता से
3 और 4 को आपस में बदलने पर
$14 \times 3 \div 6 + 5 - 8 = 4$
$7 + 5 - 8 = 4$
$4 = 4$

**13. (3)**




गोपाल के ठीक दाई ओर हीना बैठी है।

**14. (4)** a b b **c**/a b b c/a b b c/a b b c/a **b** b c/a b b c/a **b** b c/a b b c

**15. (2)** $N \xrightarrow{+2} P \xrightarrow{-8} H \xrightarrow{+2} J \xrightarrow{-8} \mathbf{B}$


$S \xrightarrow{-8} K \xrightarrow{+2} M \xrightarrow{-8} E \xrightarrow{+2} \mathbf{G}$

**16. (3)**
L O S S
+3↓ +4↓ +3↓ +4↓
O S V W

इसी प्रकार

M A N Y
+3↓ +4↓ +3↓ +4↓
P E Q C

**17. (1)**




**18. (4)**
C O M P U T E R
+1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓
D P N Q V U F S

K E Y B O A R D
+1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓
L F Z C P B S E

इसी प्रकार

M O U S E
+1↓ +1↓ +1↓ +1↓ +1↓
N P V T F

**19. (1)**
Y L
−1↓ −3↓
X I

इसी प्रकार

E I
−1↓ −3↓
D F

**20. (1)**

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21. (1)**

| | | |
|---|---|---|
| अखम लक्ष्मी देवी | - | मणिपुरी |
| सुरुपा सेन | - | ओडिसी |
| डॉ. अरुणा मोहंती | - | ओडिसी |
| गोमिका वर्मा | - | मोहिनीअट्टम |

**22. (1)** अशोक मौर्य वंश का महान व प्रतापी राजा था। उसने अपने राज्य प्रशासन को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए शिलालेखों लिखवाये। अशोक के ज्यादातर शिलालेख प्राकृत एवं ब्राहमी लिपि में लिखे गये। किन्तु उत्तर - पश्चिमी क्षेत्र विशेष रुप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में अरामाइक(शैली) भाषा का प्रयोग किये गये थे।

**23. (2)** आईसीसी इन्टरनेशनल विश्व कप -2011 का आयोजन भारत में किया गया था। जिसमें भारत ने श्रीलंका को हराकर दूसरी बार विश्व कप विजेता बन गया। जबकि पहली बार 1983 में विश्व कप भारत जीता था।

**24. (4)** पूर्व मौर्य काल- हर्यक वंश, शिशुनाग, नाग वंश और नन्द वंश
पूर्व ब्रिटिश काल- उत्तर मुगल काल
औद्योगिकरण- 1854
उत्तर-मौर्य काल- गुप्त काल

**25. (1)** डाबेराइनर का त्रिक सिद्धान्त तत्वों को उनके गुणों के आधार पर वर्गीकृत करने का प्रारंभिक प्रयास था। जिसे 19वीं शताब्दी के प्रारंभ में शुरुआत किया था। इसे तीन समूहों में विभाजित किया गया था।

**26. (1)**

**27. (1)** LBW क्रिकेट का एक शब्द है। जिसका पूर्णरुप लेग बिफोर विकेट है। यह तब होता है।, जब बैटसमैन के बैट में छूने से पहले उसके पैर में छुकर निकल जाती है और उसे आउट मान लिया जाता है।

**28. (1)** शोषण के विरुद्ध अधिकार- अनु.-23-24
समानता का अधिकार- अनु.- 14-18
संवैधानिक उपचारों का अधिकार- अनु. - 32
धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार- अनु. 25-28

**29. (4)** शतरंज खेल की उत्पत्ति भारत में माना जाता हैं। भारतीय पौराणिक कथा महाभारत में 'शतंरज' खेल का वर्णन किया गया है। सभवत: वहीं से शंतरज खेल का प्रादुर्भाव देखा जाता है।

**30. (2)** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 153से 167 तक राज्यपाल से संबंधित है। जिससे उसकी नियुक्ति और कार्यो का वर्णन किया गया है। भारतीय संविधान के अनुसार राज्यपाल एक समय में दों राज्यों का प्रतिनिधित्व कर सकता है। किन्तु उसे सैलरी केवल एक ही राज्य से प्राप्त होती है।

**31. (4)** रोलिंग प्लान- यह पंचवर्षीय योजना का एक संशोधित योजना है। इसके द्वारा सरकार लघु समय के लिए योजना का संचालन करती है। भारत में पहली बार 1978 में 'जनता दल' सरकार द्वारा रोलिंग प्लान लागू किया गया था।

**32. (1)**

| **उत्सव** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| विशु उत्सव | - | केरल |
| मध्य प्रदेश | - | खजुराहो महोत्सव |
| पश्चिम बंगाल | - | पोहिला बैशाख |
| बिहार | - | छठ पूजा |

**33. (1)**

| **संस्थान** | **प्रमुख** |
|---|---|
| नागरिक उड्डयन- महानिदेशालय | विक्रम देव दत्त |
| होमसेक्रेटरी- | अजय कुमार भल्ला |
| विज्ञान एव प्रौद्योगिक- विभाग | अजय कुमार सूद |
| कृषि एवं कार्पोरेशन- विभाग | प्रमोद कुमार मिश्रा |

**34. (1)** वित्तीय वर्ष का निर्धारण 1 अप्रैल से 31 मार्च तक होता है।

**35. (1)**

| **पंचवर्षीय योजना** | **मॉडल** |
|---|---|
| पहली | हेरॉड डॉमर मॉडल |
| दूसरी | महालनोबिस मॉडल |
| तीसरी | गाडगिल मॉडल |
| चौथी | अशोक रुद्र मेनन/ स्थिरता और वृद्धि |

**36. (4)**

| **वस्तु** | | **क्षेत्र** |
|---|---|---|
| सेवा | - | तृतीयक |
| बैकिगं | - | तृतीयक |
| उद्योग | - | द्वितीयक |
| कृषि | - | प्राथमिक |

**37. (4)**

**38. (2)**

| **उत्सव** | | **राज्य** |
|---|---|---|
| गरबा | - | गुजरात |
| बिहू | - | असम |
| घूमर | - | राजस्थान |
| कथकली | - | केरल |

**39. (4)** आजादी के बाद भारत में पहली जनगणना 1951में की गई थी। इस

प्रकार 2011 में 7वीं जनगणना की गई थी। जबकि 8वीं जनगणना 2020 में होनी थी।, जिसे अभी भारत सरकार ने जारी नही किया है।

**40. (3)**

| व्यक्ति | अवार्ड |
|---|---|
| हनाया निसार | PM बाल पुरस्कार 2023 |
| आदित्य सुरेश | बाल वीरता पुरस्कार 2023 |
| मोक्षा राय | PM प्वाइंट लाइन अवार्ड 2023 |
| अनुष्का जॉली | चाइल्ड वेल फेयर वर्कर |

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41. (2)** प्रश्नानुसार

लाभ = +10% = $\frac{1}{10}$

⇒ क्रय मूल्य : विक्रय मूल्य
10 : 11

छूट = –45% = $\frac{9}{20}$

विक्रय मूल्य : अंकित मूल्य
11 : 20

क्रय : विक्रय : अंकित
10 : 11 : 20
⇒ ×65↓ ↓×65
650 1300

**42. (1)** प्रश्नानुसार

| | 150 |
|---|---|
| मिंटो→ 75 | 2 |
| पिंटो→ 150 | 1×30=30 |
| | 3 |

⇒ 150 – 30 = 120

मिंटो शेष कार्य करेगा = $\frac{120}{2}$

= 60 दिन

**43. (1)** प्रश्नानुसार
22, 11, 44
लघुत्तम समापवर्त्य = 44
महत्तम समापवर्तक = 11
अनुपात = 44 : 11 ⇒ 4 : 1

**44. (4)** घन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल = $6a^2$
घन का आयतन = $a^3$
प्रश्नानुसार,
$6a^2 = 726 \Rightarrow a = 11$
$\therefore a^3 = 11^3 = 1331\ cm^3$

**45. (3)** प्रश्नानुसार
g : h : j = 5 : 2 : 1
∴ g : 2h : j
⇒ 5 : 2 × 2 : 1
⇒ 5 : 4 : 1

**46. (3)** प्रश्नानुसार

छूट = 20% = $\frac{1}{5}$

⇒ अंकित मूल्य : विक्रय मूल्य
(5 : 4) × 9 = 45 : 36

⇒ हानि =10% = $\frac{1}{10}$

क्रयमूल्य : विक्रय मूल्य
= (10 : 9) × 4 = 40 : 36
अंकित मूल्य : विक्रय मूल्य : क्रय मूल्य
⇒ 45 : 36 : 40

प्रतिशत = $\frac{45}{40} \times 100 = 112.5\%$

**47. (3)** प्रश्नानुसार

| | | 96 |
|---|---|---|
| A | 16 | 6 |
| B | 10 | 4 |
| C | 32 | 3 |
| A+B+C → | | 13 |

⇒ $\frac{96}{13}$

**48. (3)** प्रश्नानुसार
1008 – 40 × 20 ÷ 10 + 2
⇒ 1008 – 40 × 2 + 2
⇒ 1008 – 80 + 2 = 930

**49. (2)** प्रश्नानुसार
p : q = 1 : 3   r : s = 2p : 3q
⇒ pr : qs = 1 × 2p : 3 × 3q
= 2p : 9q
⇒ 2p : 9q = 2 × 1 : 9 × 3
= 2 : 27
∴ pr : qs = 2 : 27

**50. (4)** प्रश्नानुसार

$S.I. = \frac{P \times R \times T}{100}$

$S.I. = \frac{1500 \times 6 \times 4}{100}$

= S.I. = 360

**51. (1)** चाल = $\frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$

प्रश्नानुसार
दूरी = $x$

∴ Q से S का समय = $\frac{x}{45}$

औसत समय = $\frac{x + x}{36} = \frac{2x}{36}$

∴ S से Q का समय = $\frac{2x}{36} - \frac{x}{45}$

= $\frac{x}{30}$

∴ S से Q की चाल = $\frac{x}{\frac{x}{30}}$

= 30 km/hr

**52. (2)** प्रश्नानुसार,

$100 \xrightarrow[=-32]{-32\%} 68 \xrightarrow[=29.92]{+44\%} 97.92$
×5↓ ↓×5
500 489.6

**53. (1)** प्रश्नानुसार,

100
लड़के=40%=40 ↙ ↘ लड़कियाँ =100-40
40 60
40×18 60×15
=720 =900
720 + 900 = 1620

औसत = $\frac{\text{कुल योग}}{\text{कुल संख्या}}$

= $\frac{1620}{100}$ = 16.2

**54. (2)** प्रश्नानुसार

32% = $\frac{8}{25}$

लाभ विक्रय मूल्य पर है,
क्रय : विक्रय मूल्य
∴ 17 : 25
8

∴ क्रय मूल्य पर लाभ,

$\frac{8}{17} \times 100 = 47.06\% \approx 47\%$

**55. (2)** प्रश्नानुसार
91 × 7 + 49 × 13 – 42 ÷ 7 × 5
⇒ 637 + 637 – 6 × 5
⇒ 1274 – 30 =1244

**56. (1)** प्रश्नानुसार

$100 \xrightarrow[=+12]{+12\%} 112$
×150↓ ↓×150
15000 16800

**57. (3)** प्रश्नानुसार
b, c, d, e का औसत = 25

$\Rightarrow$ योग = 25 × 4 = 100

b, c का औसत = 11

योग = 11 × 2 = 22

$\therefore$ d, e का योग = 100 – 22 = 78

औसत = $\frac{78}{2}$ = 39

**58. (1)** $D = P\left(\frac{R}{100}\right)^2$

प्रश्नानुसार

$4320 = 12000 \times \frac{R^2}{10000}$

$360 \times 10 = R^2 \Rightarrow R^2 = 3600$

$\Rightarrow R = 60\%$

**59. (1)** $18 - \left(\frac{3}{2}\right) \times (4 + 1)$

प्रश्नानुसार

$18 - \frac{15}{2} \Rightarrow 18 - 7.5$

= 10.5

**60. (4)** प्रश्नानुसार

हानि = 38% = $\frac{38}{100}$

$\therefore$ क्रय : विक्रय मूल्य

$\Rightarrow$ 100 : 62 = 50 : 31

## PART (D) : अंग्रेजी

**61. (3)** "allergic to" is used in English to indicate a sensitivity or adverse reaction to substances, such as medicines, foods, or environmental factors.

**62. (1)** No improvement
The Infinitive form is correct use of here to express purpose or intention. In this case, "had to" necessitates the infinitive form: **(had + to + base form of the verb)**, which is **"to cultivate.**

**63. (3)** "Decapitate" means to remove the head from the body (शरीर से सिर को हटाना). Similarly, "behead" (सिर काटना) refers to the act of cutting off someone's head.

**Feeble**: (कमजोर) means lacking strength or force.

**Invigorate**: (ऊर्जावान बनाना) means to give strength or energy to something.

**Affection**: (प्रेम) refers to a feeling of liking or love towards someone.

**64. (4)** The correct spelling is "essential," which means absolutely necessary or extremely important (अत्यंत आवश्यक या महत्वपूर्ण)।

**Leisure**: (फुर्सत) refers to free time when one is not working.

**Possible**: (संभव) means capable of being done.

**Rendered**: (प्रदान किया) means to cause to become or to provide.

**65. (4)** "Irritate" means to annoy or disturb someone (किसी को परेशान करना). While, "pacify" means to calm down or soothe someone (शांत करना).

**Annoy**: (परेशान करना) means to irritate or disturb someone.

**Miff**: (खफा होना) means to offend or make someone slightly angry.

**Pester**: (तंग करना) means to annoy someone persistently.

**66. (1)** **"To throw down the gauntlet"** means to issue a challenge to someone, typically in a confrontation or competition (किसी को चुनौती देना)।

**To ignore without any reason**: (बिना किसी कारण के अनदेखा करना) means to disregard something intentionally.

**To plead for mercy**: (दया के लिए याचना करना) means to ask for forgiveness or leniency.

**To surrender**: (समर्पण करना) means to give up or yield to another.

**67. (4)** "Differently" is an adverb that describes how others perceived the issue (किसी मुद्दे को अलग तरीके से देखना)।

**Difference**: (अंतर) refers to the state or condition of being dissimilar or unlike.

**Differential**: (विभेदक) relates to a difference or distinction.

**Different**: (अलग) is an adjective that describes something as not the same.

**68. (2)** "Pragmatic" refers to a practical and realistic approach to problems (व्यवहारिक और यथार्थवादी दृष्टिकोण). While, "idealistic" refers to pursuing high ideals or principles, often without regard for practical considerations (आदर्शवादी).

**Logical**: (तार्किक) means based on clear reasoning.

**Practical**: (व्यावहारिक) means concerned with actual use or practice.

**Sober**: (संजीदा) means serious or solemn in demeanor.

**69. (3)** The subject "Some of the flowers" is plural, so the verb should be "are" instead of "is."

**70. (3)** Just who is crazy enough to go swimming when the pond across the street has a layer of ice across the top
Correct spellings are:

**Crazy** (पागल) means mentally deranged or extremely enthusiastic about something; in this context, it refers to someone who takes foolish risks.

**Swimming** (तैराकी) refers to the activity of moving through water by using the arms and legs.

**Pond** (तालाब) is a small body of still water

**71. (2)** "as well as you make mine" is incorrect here because it compares the speaker's actions to the other person's actions, which is not intended here.
Here, The speaker is trying to express the idea of reciprocating the effort the other person makes. It should be : "I don't mind trying to make your day **as much as** you make mine."

**72. (3)** The subject "The main driver" is singular. Therefore, the correct verb should be "was" instead of "were."

**73. (4)** "Between" refers to placing the quarter in the space that results from splitting the potato (जिसके बीच में चौकड़ा रखा जाएगा)।

**Gap**: (खुला स्थान) refers to an opening, but in this context, "between" is more precise as it indicates the placement within two halves of the split potato.

**Along**: (साथ में) (indicates direction or proximity.

**Slice**: (टुकड़ा) refers to a thin piece cut from something.

**74. (1)** **"Lump in the throat"** refers to a physical sensation that occurs when someone is emotionally overwhelmed, often due to sadness or grief (दुख या शोक के कारण गले में भरा हुआ एहसास)।

**Cut corners**: (कोई काम जल्दी और सस्ते में करना) means to do something in a way that saves time or money but is not of good quality.

**Tongue and cheek**: (हंसी-मजाक में) refers to something said or done as a joke

**In the dark**: (अंधेरे में होना) means to be unaware of or uninformed about something.

**75. (4)** "Amid" indicates that the riot police maintained their composure in the midst of the chaotic situation (उत्पात के बीच में शांति बनाए रखना)।

**About**: (के बारे में) refers to being around or concerning something.

**Until**: (तब तक) refers to a point in time before something happens.

**Beside**: (के पास) means next to or alongside.

**76. (4)** **Perfectly** (पूर्ण रूप से): Completely and without any flaws, suggests that the speaker is aware of something completely, aligning with the notion of knowing something thoroughly.

**Doubtfully** (संदेह से): In a manner that shows uncertainty or lack of conviction

**Closely** (ध्यान से) : In a careful or detailed manner

**Loosely** (ढीला) : Not tightly or firmly

**77. (3)** **Still** (अब भी): indicates that the feeling persists over time, suggesting the speaker continues to feel unsafe despite knowing better.

**Some** (कुछ): An unspecified amount or number.

**Sometime** (कभी): Referring to an unspecified point in time

**Can** (कर सकता है): Indicates ability or possibility.

**78. (4)** **Longer** (लंबा): refers to an extended duration of time. In this context, it suggests that the speaker feels it is not safe to be away from the coach-office for a time exceeding five minutes.

**Bigger** (बड़ा) : Greater in size or extent. Similar to "larger,

**79. (1)** **Condition** (स्थिति): The state or situation in which something exists, in this context, "condition of unreason" suggests that the speaker is experiencing a peculiar or irrational state of mind

**Status** (स्थिति): The relative social or professional standing.

**Glance** (झलक): A quick look.

**Stance** (दृष्टि कोण) : The position or viewpoint

**80. (3)** **Watch** (देखना): Refers to the act of observing something over time or monitoring a situation. In this context, it suggests that the speaker is keeping an eye on the situation or the coach-office

**Vision** (दृष्टि): The faculty of seeing or imagining future possibilities.

**Clocking** (समय मापना): Refers to measuring time taken

**Sight** (दृष्टि) : The ability to see or the act of seeing

## PART (D) : हिन्दी

**61. (3)** 'योधा' गलत शब्द है। इसका सही वर्तनी 'योद्धा' है।

**62. (3)** 'उड़ती चिड़िया पहचानना' मुहावरे का अर्थ है- बहुत अनुभवी होना।

**63. (4)** नहीं! मुझे तुमसे कोई एहसान नही चाहिए।

**64. (2)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| जड़ | चेतन |
| सावधान | असावधान |
| होशियार | बेवकूफ |
| सचेत | अचेत |

**65. (3)** विजयलक्ष्मी से पहले 'कुमारी' नही लगेगा क्योंकि जिसकी शादी हो गयी हो उसे 'कुमारी' नहीं लगाना होता है। शुद्ध वाक्य है- विजयलक्ष्मी कल अपने पति के साथ नैनीताल जाएंगी।

**66. (1)** आवश्यकीय गलत है सही वर्तनी 'आवश्यक' है।

**67. (2)** 'रुमाल' पुल्लिंग शब्द है जबकि टोपी, मिठाई, किताब, तीनो स्त्रीलिंग शब्द हैं।

**68. (1)**

**69. (3)** 'टटमार' निरर्थक शब्द है। शुद्ध है- टमाटर, बाजार से टमाटर ले आओ।

**70. (1)** 'पृथ्वी से जुडे हुए' के लिए एक शब्द 'पार्थिव' है।

**71. (1)** स्वाधीनता, मुक्ति, आजादी सभी स्वतंत्रता के पर्यायवाची शब्द हैं।

**72. (2)** 'महक' का पर्यायवाची शब्द खुशबू, सुगंध, गंध, गमक, आदि है।

**73. (4)** जो आदेश एक निश्चित अवधि तक लागू हो वाक्यांश के लिए एक शब्द है - अध्यादेश।

**74. (3)** शुद्ध वाक्य है- प्रत्येक कार्य में रोमांच निहित होते हैं हलांकि, यह लोगों कि सोच के अनुसार थोड़ा अलग होता है।

**75. (3)**

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| अमृत | विष |
| पानी | आग |
| आय | व्यय |